सार-समाचार

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

बीदासर (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत बालेरा और रूपेली के ग्रामीणों ने मंगलवार को विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गांव बालेरा में जल वितरण व्यवस्था को लेकर पानी की बड़ी टंकियां एवं होद बने हुए है जिनमें से दो-तीन बड़ी टंकियों को छोड़कर सभी टंकियां व होद जर्जर हालत में हैं, जिनसे पानी का रिसाव होता हैं और उनकी छतें भी बूरी तरह से क्षितग्रस्त हो रखीं है जिनसे हर समय किसी अनहोनी का अंदेशा बना रहता है, साथ ही, ग्राम रूपेली, बालेरा एवं पास की ढाणियों में जल वितरण हेतु बिछी पाईप लाईनें भी क्षितग्रस्त हो रखी हैं तथा सार्वजनिक नल एवं खेलियां सूखी पड़ी हैं, वहीं गांव बालेरा में अटल सेवा केन्द्र के पास एक ट्यूबवेल बनाया हुआ है जिसमें कम पावर की मोटर लगी होने के कारण गांव में जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। समस्या को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं दूसरी और गांव रूपेली के ग्रामीणों ने जोहड़ पायतन में स्थित काली माता मंदिर के आस-पास चरमराई साफ-सफाई को दुरूस्त करवाने, शमशान भूमि का रास्ता सुगम बनाने को लेकर भी ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में आरएलपी नेता तोलाराम नायक, गोपाल राव, भगवानाराम मेघवाल व बालेरा सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़, गणपतराम जाट, ओमाराम, जोधाराम जाट, राजूराम, पेमाराम सहित अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

टेबलेट, लैपटॉप वितरण कार्यक्रम

सादुलपुर, (निसं)। रा.उ.मा.वि.लाखलाण बडी के प्रांगण में मंगलवार को टेबलेट लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं सरपंच विनोद कुमार की अध्यक्षता एवं श्री महावीर सिंह पूनियां (बीजेपी किसान मोर्चा जोधपुर संभाग अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में लैपटॉप वितरण किये गये। जिसमें पायल पुत्री सुरेन्द्र पूनिया ने 12वीं कक्षा में राज्य स्तरीय मेरिट में 156० वॉ स्थान तथा श्रेया दायमा पुत्री देवकरण दायमा ने 8वीं कक्षा में जिला स्तरीय मेरिट में 72वां स्थान प्राप्त कर लैपटॉप की सूची में स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महावीर पूनियां ने विद्यार्थियों को लगातार मेहनत करके उत्तरोत्तर पथ पर गतिशील रहने का आव्हान किया तथा शिक्षा के साथ संस्कारवान बनने के लिए प्रेरित किया गया। सरपंच विनोद कुमार ने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र की सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अनिता चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत संबोधन किया। संस्था प्रधान प्रधानाचार्य सत्यवीर सिंह दायमा ने अतिथियों का प्रोत्साहन हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ जांगिड ने किया। इस अवसर पर अनिल कुमार व्याख्याता, प्रिया कुमारी व्याख्याता, सीमा वर्मा, भूप सिंह, अमरचंद, रमेश कुमार एवं सुशीला उपस्थित रहे।

अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। हमीरवास थाना पुलिस तथा डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये मंगलवार को एक अवैध पिस्टल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना अधिकारी जयकुमार भादू ने बताया कि अवैध हथियारों की धरपकड अभियान के तहत पुलिस थाना हमीरवास की टीम व डीएसटी टीम ने गांव कालरी की रोही में नाकाबंदी के दौरान एक युवक ने पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास किया। जिस पर शक होने पर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो वह घबरा गया और संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने आरोपी के कपडों की तलाशी ली तो कपडों में छुपाया हुआ एक अवैध पिस्टल बरामद किया है। तथा आरोपी मोहित कुमार पुत्र सत्यपाल जाट उम्र 22 साल निवासी भोजाण थाना हमीरवास को गिरफ्तार किया हैद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शरू कर दी है। कार्यवाही में सत्यपाल बिश्नोई डीएसटी प्रभारी मय समस्त स्टाफ व हमीरवास थाने से रामनारायण हैड कानि, विजयपाल कानि आसूचना अधिकारी, हरिराम कानि, व रामपाल कानि चालक आदि शामिल रहे।

आमुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

सीकर (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, सीकर के संयुक्त तत्वावधान में व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों के संस्था प्रधानों व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की जिला स्तरीय एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन एडीपीसी कार्यालय, सीकर में किया गया, जिसमें जिले के व्यावसायिक शिक्षा संचालित 89 विद्यालयों के संस्था प्रधानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए एडीपीसी राकेश कुमार लाटा ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा आज की आवश्यकता है, जो युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकती है, व्यावसायिक शिक्षा विद्यालयों में अध्ययनरत बालकों को व्यवसाय एवं रोजगार के लिए आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है तथा सभी संभागी संस्था प्रधानों को व्यावसायिक शिक्षा निर्देशिका का अध्ययन कर उसके अनुसार गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम अधिकारी परमेश्वर लाल भामू ने व्यावसायिक शिक्षा योजना का राजस्थान में प्रारम्भ और इतिहास के बारे जानकारी देते हुए व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। सम्पूर्ण गाईडलाईन को पीपीटी के माध्यम से बताया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी राम सिंह शेखावत, राजेश पारीक, मुकेश निठारवाल, इन्द्राज देवी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के समापन पर एडीपीसी राकेश लाटा ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कनिष्ठ तकनिकी सहायकों की बैठक

सादुलपुर, (निसं)। पंचायत समिति राजगढ ब्लॉक की 13 ग्राम पंचायतों का जल भराव क्षेत्र हेतु चिन्हीकरण कर मंगलवार को सहायक अभियंता व कनिष्ठ तकनिकी सहायकों की बैठक पंचायत समिति कार्यालय में बुलाई गई। पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेन्द्र जोईया ने बताया कि पंचायत समिति राजगढ ब्लॉक की 13 ग्राम पंचायतों का जल भराव क्षेत्र हेतु चिन्हीकरण किया गया था। जिनकी स्वीकृति जारी कर कार्य चालू करने हेतु विकास अधिकारी राजेन्द्र जोईया द्वारा मंगलवार को सहायक अभियंता व कनिष्ठ तकनिकी सहायकों की बैठक पंचायत समिति कार्यालय में बुलाई गई। तथा 5 फरवरी से 25 फरवरी तक स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की गई। जिसमें ग्राम पंचायत रावतसर कुंजला, हरपालू कुशाला, सांखू, गुलपुरा, नूहन्द आदि ग्राम पंचायतो में विकास अधिकारी के निर्देशानुसार पुराने कचरे के ढेर व नालियों की सफाई की गई तथा पंचायत समिति स्तर से उक्त गतिविधियों की प्रभावी निगरानी की जा रही हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी बनने पर गहनोलिया का अभिनंदन किया

चूरू (निसं)। रेसा पी संगठन की ओर से शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नित होने पर मंगलवार को किशनलाल गहनोलिया का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर रेसा पी के जिलाध्यक्ष रामकुमार खीचड़, मंत्री हरिप्रसाद टाक व कोषाध्यक्ष राजेंद्र गहलोत के नेतृत्व में माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर गहनोलिया का सम्मान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामकुमार खीचड़ ने पदोन्नित होने पर किशनलाल गहनोलिया को बधाईयां दी। इस अवसर पर लियाकत अली, विजय कुमार धुंधवाल, जगदीश खेड़ीवाल, जगदीश प्रजापत, लालचंद, नंदलाल, रमेश, प्रेमसिंह इंदा, राजेंद्र पूनियां आदि उपस्थित थे।

दो बच्चियों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया

सीकर (निसं)। मानव तस्करी विरोधी इकाई ओर चाइल्ड हेल्पलाइन बाल अधिकारिता विभाग के द्वारा मंगलवार को खाटूश्यामजी से 2 बच्चियों को भिक्षावृति को मुक्त करवाया गया। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालान के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति ने बच्चियों के अस्थाई पुनर्वास के लिए उन्हें सखी वन स्टॉप सेंटर में प्रवेश दिलाया गया। दोनों बच्चियों की उम्र 13 से 15 साल के बीच की है। टीम में मानव तस्करी विरोधी यूनिट की प्रभारी(सीआई) सुनीता बायल, हेड कांस्टेबल रेखा, चाइल्ड कांस्टेबल कमलेश, हेल्पलाइन से सुनीता शामिल रही।

साइकिल यात्रा पोस्टर का विमोचन

झुंझुनूं, (निसं)। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ द्वारा 22 फरवरी से जैसलमेर से जयपुर तक की साइकिल यात्रा शुरू की जा रही है। युवाओं को नशे से दूर रखकर स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त समाज की दिशा में युवाओं को प्रेरित करने का संदेश देने वाली इस यात्रा के पोस्टर का विमोचन मंडावा विधायक रीटा चौधरी ने किया। इस मौके पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़ समेत अन्य एनएसयूआई पदाधिकारी मौजूद थे।

बाल वैज्ञानिकों ने अपने आइडियाज की प्रदर्शनी लगाई

झुंझुनूं, (निसं)। जिले बाल वैज्ञानिकों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी सोमवार से रवि इंडियन स्कूल में शुरू हुई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने किया। इस मौके पर डीईओ सैकंडरी सुभाषचंद्र ढाका समेत अन्य शिक्षा अधिकारी मौजूद थे।

प्रदर्शनी के प्रभारी अधिकारी एडीईओ उम्मेद सिंह महला ने बताया कि हर साल भारत सरकार के विज्ञान मंत्रालय की ओर से बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए कक्षा छह से 10 तक के विद्यार्थियों के आइडियाज मंगवाए जाते है। वर्ष 2023-24 में झुंझुनूं जिले की विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों से आठ हजार

■ तीन दिवसीय प्रदर्शनी में 352 में से 192 मॉडल पहुंचे

जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

आइडियाज मंत्रालय के पास पहुंचे थे। इनमें से 352 का चयन किया गया गया था। आज से तीन दिवसीय प्रदर्शनी में ये 352 आइडियाज को बच्चों को मॉडल के रूप में प्रदर्शित करना था। लेकिन इनमें से 192 मॉडल ही प्रदर्शनी में पहले दिन पहुंच पाए है। तीन दिन तक प्रदर्शनी के दौरान ये बच्चे अपने आइडियाज को ना केवल अतिथियों, बल्कि विभिन्न स्कूलों के बच्चों के सामने रखेंगे। अंतिम दिन निर्णायक मंडल द्वारा इनमें से 10 फीसदी, यानि कि लगभग 19 से 20 मॉडल को राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी के लिए चयनित किया जाएगा। निर्णायक मंडल में विज्ञान मंत्रालय की ओर से भी प्रतिनिधि झुंझुनूं पहुंच चुके है। जो पूरी निर्णायक टीम के साथ हर एक मॉडल को देखते हुए बारीकी से समझ रहे है। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने भी बाल वैज्ञानिकों के मॉडल को देखा और उनकी सराहना की। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कहा कि यह भारत सरकार का बेहतर नवाचार है। जिसमें बच्चों को अपनी प्रतिभाएं दिखाने का अवसर मिलता है। इससे बच्चे अपनी वैज्ञानिक सोच को आगे बढाते हुए लग्न प्रदर्शित करते हैं।

शिक्षाविद् गोठवाल का जन्मदिन मनाया, सात जनों ने देहदान का संकल्प लिया

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ कस्बे के समाजसेवी व शिक्षाविद् प्रधानाध्यापक पवन गोठवाल का जन्मदिन मदर फादर फाउंडेशन के बैनर तले अनूठे तरीके से मनाया गया। जिसमें रक्तदान के साथ-साथ देहदान का भी संकल्प लिया गया।

■ पंचायत समिति विकास अधिकारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम में भाग लिया

मंगलवार शाम चार बजे जारी प्रेस नोट में दी जानकारी में पंचायत समिति के विकास अधिकारी राजेन्द्र जोईया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, सिद्धमुख तहसीलदार कालूराम व डॉ. रामकुमार घोटड के सानिध्य में सोनी ब्लड बैंक राजगढ में 21 यूनिट रक्तदान व ०7 लोगों ने देहदान देने का संकल्प लिया। इस मौके पर पं.स. विकास अधिकारी राजगढ राजेन्द्र जोईया ने देहदान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह स्वैच्छिक रूप से देहदान है जो व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसका शरीर मेडिकल कालेज को दान दिया जाता है। विकास अधिकारी राजेन्द्र जोईया ने देहदान को सबसे बडा दान बताया, साथ ही स्वंय ने भी देहदान की घोषणा की। तथा सामाजिक सरोकार के कार्यों में सहयोग की बात कही। वहीं मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा ने कहा कि रक्तदान व देहदान मानव जीवन का एक पुनीत कार्य है। सामाजिक सरोकारों के कार्य में निरंतर कार्यों के आयोजन के लिए बधाई दी। इस कार्यक्रम में मानव जगत के लिए देहदान की घोषणा करने में विकास अधिकारी राजेन्द्र जोईया, इंजीनियर सुपरवाइजर राजवीर प्रजापत बैरासर, प्राचार्य हनुमान श्योराण, वीरेन्द्र ख्याली पूर्व प्रत्याशी डीडीसी सदस्य, सामाजिक समरसता के संजय राव कांधराण, शशि सर हरियाणा व भंवरी मेहरा ने की।

इस अवसर पर साहित्य समिति के डॉ. रामकुमार घोटड, अशोक पूनिया निदेशक सर्वोदय स्कूल व ताराचंद गोठवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर रोशन सैनी, सेवानंद चौहान, अपर लोक अभियोजक तेजपाल पूनियां, संदीप पूनिया प्रधानाचार्य, मकसूद चिश्ती, श्याम जैन, मदन मोहन आचार्य, मुकेश एडवोकेट रामपुरा, दीपक खीचड, पृथ्वी सिंह नवां, सहीराम मेहरा, राकेश गोठवाल, अनिल श्योराण सरपंच विजयपुरा, सोमवीर बेरवाल तहसील अध्यक्ष भीम आर्मी, गजेंद्र बौद्ध, इंसानियत व्यायाम समूह कोच अजय बौद्ध, इस्ताक, नवीन कुमार, धर्मपाल शीला, सुरेन्द्र लेकरा, नवीन पूनियां, दलीप बेरवाल, रतन सोलडा, जयप्रकाश मेहरा, जागेराम सुड्डा, भवानी खत्री, विजय बेरवाल, सुनील लाखलान, सुमित भूरिया, नरेंद्र गोठवाल, पवन कोच, राहुल चांवरिया, अनिल सुड्डा, डॉ. बसंत दायमा, विजेंद्र गोठवाल, अध्यापक विनोद पूनिया, जानू सिंगर, मोहित ब्लड बैंक, कृष्ण भाकर, मुद्दसर बेग, नईम गहलोत, सहबाज गहलोत, इस्ताक उपस्थित रहे। स्थानीय नेता पवन गोठवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन अनिल शास्त्री एवं सुनिल बैरासर ने किया।

स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक

सीकर (निसं)। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छता अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने की, जिसमें मिशन के अन्य संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के तहत अब तक किए गए कार्यों का विस्तृत विश्लेषण किया गया और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में सीकर सांसद अमराराम ने ग्रीष्मकाल से पूर्व सभी लम्बित कार्य पूर्ण करने एवं पूर्व तैयारियों के लिए भी निर्देशित किया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत हेलमेट वितरित

सीकर (निसं)। सी के बिरला (रुकमणी बिरला हॉस्पिटल) जयपुर एवं लायंस क्लब सीकर प्राइड के द्वारा सीकर में आज कल्याण सर्किल, सीकर तिराए पर हेलमेट जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान को आईपीएस प्रशांत किरण के निर्देशन मे किया गया। राजस्थान पुलिस सीकर के द्वारा जिन व्यक्तियों ने टू व्हीलर (दो पहिया वाहन) पर हेलमेट नहीं लगा रखा था उन्हें रोककर हेलमेट के उपयोग की जानकारी प्रदान करते हुए हेलमेट का नि:शुल्क वितरण किया गया।

आयोजन में मुख्य अतिथि आईपीएस सीकर प्रशांत कुमार किरण ने वर्तमान में बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाओं में हो रही शारीरिक क्षित एवं मृत्यु को हेलमेट नहीं पहनना एक प्रमुख कारण बताया।

इस अवसर पर लायन्स क्लब सीकर प्राइड के अध्यक्ष मोहनीश चुघ ने आमजन को टू व्हीलर (दो पहिया वाहन) पर हेलमेट पहने हेतु जागरूक किया तथा सी के बिरला (रुकमणी बिरला हॉस्पिटल) जयपुर के ही शांतनु एवं शिवपाल ने अवगत कराया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 100 हेलमेट वितरित किए गए।

सी के बिरला (रुकमणी बिरला हॉस्पिटल) जयपुर के ही शांतनु एवं शिवपाल के द्वारा निशुल्क हेलमेट वितरण के अवसर यातायात प्रभारी सीकर सिटी कृष्ण कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर लायंस क्लब सीकर प्राइड के प्रेसिडेंट लायन मोहनीश चुग, सचिव लायन डॉ जयराज सोनी, कोषाध्यक्ष लायन सचिन अग्रवाल, जोन चेयरमैन लायन मनोज अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन कृष्ण स्वरूप जोगाणी, लायन पतीश पंजाबी , लायन राजीव गुप्ता , लायन महेश गोयल, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

खेतड़ी, (निसं) संजयनगर पंचायत के राजस्व गांवों को अन्य पंचायत में शामिल करने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया है। ग्रामीणों ने मंगलवार को तहसीलदार को ज्ञापन देकर संजयनगर पंचायत के राजस्व गांवों को दूसरी पंचायत में शामिल नहीं करने की मांग की है। ग्रामीणों की ओर से दिए ज्ञापन में बताया कि संजयनगर पंचायत में 11 राजस्व गांव है, जिनकी जनसंख्या करीब सात हजार है। यदि राज्य सरकार नियमानुसार दो पंचायत बनाना चाहती है तो अजयनगर को बनाया जाए, जिसमें अजयनगर, कीर्तिनगर, जमुनानगर, हनुमाननगर व अजीतपुरा को शामिल किया जा सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले कुछ लोगों ने तीन राजस्व गांवों को रामकुमारपुरा पंचायत में शामिल करने की मांग की थी। यदि राज्य सरकार नियमानुसार जनसंख्या के आधार पर ग्राम पंचायत का गठन करती है तो वर्तमान पंचायत संजयनगर व अजयनगर को बनाया जा सकता है। यदि सरकार इन दोनों पंचायत का गठन नहीं करती है तो संजयनगर पंचायत को यथावत रखने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान पंचायत में आमजन को काफी सुविधाएं भी मिल रही है। इस दौरान ग्रामीणों ने राजस्व गांवों को दूसरी पंचायत में शामिल नहीं करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यदि पंचायत गठन को लेकर दूसरी पंचायत में शामिल किया गया तो ग्रामीणों की ओर से बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर रामजीलाल, अंकित सैनी, जगदीश प्रसाद, सुल्तान सिंह, ग्यारसीलाल, छोटूराम, सुनील कुमार, रामनिवास, लीलाराम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

जरूरतमंद छात्राओं को गोद लेकर सहयोग किया

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा भामाशाह परिवार लावरमेश्वर महादेव मंदिर के ट्रस्टी ओमप्रकाश तुलस्यान चैन्नई निवासी व सुरेश पंसारी झुंझुनूं निवासी के सहयोग एवं डॉ. एसएन शुक्ला की प्रेरणा से राजकीय माध्यमिक विद्यालय निवाई की पांच जरूरतमंद छात्राओं को गत चार वर्षों से गोद लेकर के उनको सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

इसी कड़ी में मंगलवार को निवाई स्कूल में महावीर इंटरनेशनल सनराइज के मेंबर्स द्वारा छात्राओं को चैक भेंट किया गया। ज्ञात रहे कि दो छात्राओं को चार वर्ष पहले छात्रवृत्ति दी गई थी। वे छात्राएं आज आरएएस की तैयारी कर रही है।

राजकीय माध्यमिक विद्यालय निवाई की जरूरतमंद छात्राओं को गोद लेकर के उनको सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि जोन चेयरमैन वीर नागरमल जांगिड थे। प्रिंसिपल वीर प्रीतम सिंह ने महावीर इंटरनेशनल सनराइज को धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार गौड, जयप्रकाश शर्मा, डॉ. एसएन शुक्ला, काफी संख्या में वीर-वीराएं पाठशाला स्टाफ एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

शहीद श्योराराम गुर्जर का शहादत दिवस मनाया

खेतड़ी,(निसं)। खेतड़ी उपखंड के टीबा गांव में मंगलवार को शहीद स्मारक स्थल पर शहीद श्योराराम गुर्जर(सेना मेडल) का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिला महिला महामंत्री पूनम धर्मपालगुर्जर, विशिष्ट अतिथि हवलदार रूप चंद सिराधना, प्रभु राजोता थे, जबकि अध्यक्षता वीरांगना सुनीता गुर्जर ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शहीद श्योराम गुर्जरकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूनम धर्मपालगुर्जरने कहा किशहीदश्योरामगुर्जरजैसे वीर जवानों के चलते ही हम आज अपने घरों में चैन की नींद सौ रहे है।शहीदश्योरामगुर्जरपुलवामा हमले का बदला लेने वाला जांबाज थे, जिन्होंने 18 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में आईडी ब्लास्ट करने वाले मास्टरमाइंड कामरान गाजी सहीत तीन आतंकियों को मार कर अपने देश के लिए बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि झुंझुनू जिले के युवाओं को बचपन से ही देश सेवा की प्रेरित किया जाता है, जिसके बाद वह सेना में शामिल होकर सरहद की रक्षा करते हुए हंसते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे देते हैं। जिले के गांव गांव में सड़कों किनारे लगीशहीदों की प्रतिमाएं युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित भी करती हैं। इसके अलावाशहीदहमारे लिए पूजनीय होते हैं, जिन्हें हर धार्मिक कार्य में प्राथमिकता से उनका गुणगान करना चाहिए। शहीद श्योराम गुर्जर हमेशा अपने दिलों में राज करेंगा। शहीद श्योराम गुर्जर की बहादुरी पर सेना की ओर से उन्हें मरणोपरांत सेना मेडल से सम्मानित किया गया था। इस दौरान पूनम धर्मपाल गुर्जर ने शहीद वीरांगना सुनीता गुर्जर,शहीदके बेटे खुशांक व दुर्जांश को माला पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी सुरेश कुमार जांगिड़, टीबा सरपंच मौशमी देवी, समाज सेवी कन्हैयालाल, खुशांक, दुर्जांश, मेजर शीशराम, पूर्व सरपंच शेरसिंह, गुमानाराम, नरेश अवाना, हरिकिशन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

सार-समाचार

एक दिवसीय झींगा पालन बीमा एनएफडीपी रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित

चूरू (निसं)। सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय में मंगलवार को किसानों की आय के स्त्रोत बढ़ाने के उद्देश्य से पीएमएमकेएसएसवाई के अन्तर्गत मत्स्य विभाग व सीएससी के सौजन्य से झींगा पालन का फसल बीमा, एनएफडीपी पोर्टल पर झींगा पालकों का रजिस्ट्रेशन, के.सी.सी. व अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद खान ने बताया कि झींगा फसल बीमा के लिये एनएफडीपी पोर्टल पर झींगा पालकों को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत अनुदान के लिये 37 आवेदकों को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि कुछ लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है। पीएमकेएसवाई में आवेदन हेतु एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पीएमकेएसवाई पोर्टल पर किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त झींगा मत्स्य पालन पर केसीसी भी दी जा रही है। शिविर में चूरू व हनुमानगढ के लाभार्थियों ने भाग लिया। शिविर में वी.सी. के माध्यम से नाबार्ड व मत्स्य विभाग, नई दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा बीमा व रजिस्ट्रेशन संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

ईओ व थानाधिकारी को शिकायत दी

सादुलपुर, (निसं)। वार्ड 18 निवर्तमान पार्षद एवं नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष महेन्द्र दिनोदिया ने ईओ नगरपालिका राजगढ एवं थानाधिकारी राजगढ को ज्ञापन देकर आवासीय प्रकृति की भूमि पर बिना किसी राजकीय अनुज्ञा के संचालित होटल व लॉज पर कार्यवाही की मांग की है। निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष महेन्द्र दिनोदिया ने मंगलवार दोपहर साढे 12 बजे जानकारी देते हुए ज्ञापन में बताया कि वार्ड नं. 18 बडोदा बैंक के पीछे नई बस्ती आवासीय कॉलोनी राजगढ में एस के होटल एवं लॉज संचालित किया जा रहा है। तथा उक्त भूमि मास्टर प्लान में आवासीय प्रकृति की दर्शायी हुई है। उन्होंने लिखा है कि उक्त होटल की किसी भी प्रकार की राजकीय अनुज्ञा भी नहीं ली गई है। साथ ही बताया कि आवासीय कॉलोनी में संचालित हो रहे होटल से आवासीय क्षेत्र का वातावरण दुषित हो रहा है। अत: संबिन्धतगण पर उचित कार्यवाही करें।

महपालवास हत्याकांड के आरोपियों को पैदल परेड कराई, जेल भेजा

सूरजगढ़ (निसं)। महपालवास गांव में प्रेम विवाह से नाराज होकर अमित उर्फ अंकित की हत्या के मामले में गिरफ्तार बदमाश प्रदीप पहलवान और दीपू चौराड़ी को पैदल परेड करवाकर कोर्ट में पेश किया गया। दोनों बदमाशों को विशेष पुलिस सुरक्षा के साथ आरोपियों को लेकर पुलिस थाना से शहर के अंदर से कोर्ट तक पैदल लेकर पहुंची। पेशी पर इस तरह बदमाशों को ले जाते देख हर कोई अचंभित था। सूरजगढ़ थानाधिकारी ने बताया कि महपालवास हत्याकांड के आरोपीयों को कोर्ट में पेश किया गया है। जिसके बाद दोनों बदमाशों को जेल भेज दिया गया। इस दौरान रास्ते में व्यापारी, शहरवासी पुलिस अधिकारियों का अभिवादन कर रहे थे। तो कई युवा व व्यापारी ने सूरजगढ़ पुलिस का अपराधियों पर अंकुश लगाने को लेकर आभार जताया।

डंफर-कार में टक्कर, चार घायल

बीदासर (निसं)। कस्बे के नोखा-सीकर स्टेट हाईवे दडीबा बस स्टेंड के पास सोमवार देर रात्री को एक डंफर और ब्रेजा कार की टक्कर में कार सवार 4 लोग घायल हो गए। जिन्हें आसपास के लोगों ने राजकीय टांटिया अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में बीदासर निवासी कार सवार नदीम काजी, जीतू सुथार, योगेश व हेमराज जांगिड़ नामक युवक घायल हो गए। जिनका चिकित्सकों ने उपचार किया तथा घायल नदीम और जीतू को गंभीर चोटें आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हाई सेंटर रैफर कर दिया। हादसे की सूचना के बाद बीदासर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मौका मुआयना किया।

रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आज

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा 19 फरवरी 2025 (बुधवार) को पंचायत समिति नीमकाथाना की ग्राम पंचायत गोविन्दपुरा में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई करेंगे। रात्रि चौपाल प्रभारी संबंधित उपखण्ड अधिकारी होंगे तथा तहसीलदार सहायक प्रभारी होंगे।

राजस्थान सरकार

कार्यालय उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, चूरू

फोन नं. 01562-250920 Email ld-ddchuru.wed@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 5484 दिनांक 18.02.2025

बिड सूचना 03/2024-25

इस कार्यालय के अधीन खनिज प्रभावित क्षेत्रों/गांवों में संचालित 64 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से सुजानगढ़ के 03 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के मरम्मत एवं सुद्ढ़ीकरण हेतु पंजिकृत ठेकेदारों/संवेदकों से दिनांक 18.02.2025 दोपहर 12 बजे से दिनांक 28.02.2025 दोपहर 2.00 बजे तक ई-बिड आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण बिड दस्तावेज में www.sppp.rajasthan.gov.in, पर देखा जा सकता है। एन.आ.ई.बी. नं.-ICD2425A0445, यूबीएन नं.-ICD2425WSOB0045

(डॉ. नरेन्द्र शेखावत)
उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, चूरू